बिना लाइसेंस वाले सलाहकार का उपयोग करने के जोखिमों को जानें

हर साल, कनाडा को अपना घर बनाने के लिए सैकड़ों हज़ारों (लाखों) लोग चुनते हैं। इनमें से कई नवागंतुक आप्रवासन या नागरिकता प्रक्रिया को नेविगेट करने में मदद करने के लिए सलाहकार को नियुक्त करने का निर्णय लेते हैं।

यदि आप सलाहकार को नियुक्त करते हैं, तो उन्हें College of Immigration and Citizenship Consultants से लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए। Immigration, Refugees and Citizenship Canada (IRCC) केवल उन्हीं प्रतिनिधियों के साथ कार्यवाही करेगा जिनके पास वैतनिक आप्रवासन सलाह या प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राप्त है। **IRCC बिना लाइसेंस वाले सलाहकारों द्वारा प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं करेगा।**

बिना लाइसेंस वाले सलाहकार को काम पर रखने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं

ऐसे लोगों से सावधान रहें जो खुद को आप्रवास सलाहकार के रूप में पेश करते हैं, लेकिन जिन्हें College of Immigration and Citizenship Consultants से लाइसेंस प्राप्त नहीं है। बिना लाइसेंस वाले सलाहकारों के पास लाइसेंस प्राप्त सलाहकारों या अन्य वैतनिक प्रतिनिधियों (वकील और नोटरी) के समान प्रशिक्षण और शिक्षा नहीं हो सकती है।

बिना लाइसेंस वाले सलाहकारों को कॉलेज के सदस्यों के समान नैतिक मानकों पर नहीं रखा जाता है। इसीलिए बिना लाइसेंस वाले सलाहकार का उपयोग करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे

- अपना पैसा खो देना:
  - ऐसी सेवा के लिए भुगतान करना जो आपको कभी नहीं मिली
  - कपटपूर्ण सेवाओं के लिए भुगतान करना
- आपका आवेदन अस्वीकृत हो जाना:
  - बिना लाइसेंस वाला सलाहकार आपको उस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए कहता है जिसके लिए आप पात्र नहीं हैं, इसलिए आपका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है
- कनाडा में प्रवेश करने पर रोक:
  - बिना लाइसेंस वाले सलाहकार ने आपको अपने आवेदन पर झूठ बोलने या जानकारी छिपाने के लिए कहा, और अब आपको 5 साल के लिए कनाडा आने की अनुमति नहीं है

बिना लाइसेंस वाले सलाहकार का उपयोग करने से यह भी हो सकती है

- पहचान की चोरी
- आपके बैंक खाते या क्रेडिट कार्ड से पैसे की चोरी
- हिंसा की धमकी
- शोषण

धोखाधड़ी का पता लगाने, उससे बचने और उसकी रिपोर्ट करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, Canada.ca/immigration-fraud पर जाएं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका आप्रवास या नागरिकता प्रतिनिधि अधिकृत है, Canada.ca/immigration-representative पर चेक करें।